**ई-मेल/परीक्षा/आवश्यक**

प्रेषक,

अधिशासी निदेशक,
राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश,
अलीगंज लखनऊ।

सेवा में,

1-समस्त मण्डलीय संयुक्त निदेशक (प्रशि०/शिशु०), उत्तर प्रदेश।
2-समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश।
3-समस्त प्रधानाचार्य/प्रबन्धक, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश। (एन०सी०वी०टी० सम्बन्धन)

पत्रांक: /रा०व्या०प्रशि०परि०/ ईएक्स-005/एन०सी०वी०टी० परीक्षा-2025/

लखनऊ, दिनांक 19 नवम्बर, 2025

**विषयः** आगामी अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-**2025 Leftover/Supplementary** विषय-**प्रयोगात्मक** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थियों को **SCVT PORTAL** पर एलाउ करने एवं **परीक्षा पंजीकरण शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या-DGT-18011/4/2023-O/o DIR (TT) (FTS no. E-62494), दिनांक 14 नवम्बर, 2025 के साथ संलग्न Annexure-A (परीक्षा कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देश) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र Year 2021 (second year of two-year trade) and all trainees from admission year 2022 and onwards will be eligible to appear in this examination में प्रवेशित राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षार्थियों की अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 (ANNUAL SYSTEM/DUAL SYSTEM OF TRAINING) Leftover/Supplementary विषय प्रयोगात्मक परीक्षायें **दिनांक 15-12-2025 से दिनांक 19-12-2025 तक** स्वकेन्द्रों पर राजकीय / निजी औद्योगिक संस्थानों में सम्पादित करायी जायेगी एवं सैद्धान्तिक विषय की Computer Based Test (CBT) लिखित परीक्षा **दिनांक 24-12-2025 से दिनांक 28-12-2025 तक** का परीक्षा कार्यक्रम एवं परीक्षा से सम्बन्धित क्रिया क्लाप जारी किया गया है। **(प्रति संलग्न)**

उपरोक्त के क्रम में विषय-प्रयोगात्मक की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले उपयुक्त प्रशिक्षार्थियों को राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज लखनऊ के पोर्टल www.scvtup.in पर सम्बन्धित संस्थान के LOGIN ID के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को एलाउ किये जाने के उपरान्त परीक्षा पंजीकरण शुल्क जमा किये जाने हेतु पोर्टल www.scvtup.in पर **दिनांक 20-11-2025 से दिनांक 29-11-2025 रात्रि 12:00 बजे तक** व्यवस्था प्रदान की जाती है।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश स्तर से विषय प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थियों से लिये जाने वाले परीक्षा पंजीकरण शुल्क का विवरण निम्नवत् है-

**नियमित / संस्थागत प्रशिक्षार्थियों हेतु (Leftover)**

1-परीक्षा पंजीकरण शुल्क रुपया **100=00**
2-प्रयोगात्मक परीक्षा रुपया **125=00** (जहाँ परीक्षा होनी है, को उपलब्ध करायी जायेगी।

ITI ke Gyani

**<u>भूतपूर्व परीक्षार्थी (Supplementary)</u>**

1-पंजीकरण शुल्क रुपया **25=00** (परिषद को भेजी जानी है।)

2-परीक्षा शुल्क रुपया **125=00** (जहाँ प्रयोगात्मक परीक्षा होनी है, को उपलब्ध करायी जानी है।)

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि तक आगामी अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 (ANNUAL SYSTEM/DUAL SYSTEM OF TRAINING) (Leftover/Supplementary) विषय-प्रयोगात्मक की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थियों को SCVT PORTAL पर एलाउ किया जाना सुनिश्चित कर लें जिससे कोई भी वैध प्रशिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाय। साथ ही डी०जी०टी०, भारत सरकार, नई दिल्ली के SIDH PORTAL पर भी उक्त निर्देशानुसार संस्थान स्तर से की जाने वाली कार्यवाहियाँ स-समय पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

**<u>विशेषः-</u>**

पूर्व के अनुभवों में यह संज्ञान में आया है कि विगत परीक्षाओं में संस्थानों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को केवल SCVT PORTAL पर एलाउ कर दिया जाता है जबकि SIDH PORTAL पर प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु Fees status Paid Mark नहीं किया जाता है ऐसी स्थिति में प्रशिक्षार्थी का SIDH PORTAL से Hall Ticket जनित नहीं होता है। जबकि निर्देशानुसार SCVT PORTAL से जनित Admit Card तथा SIDH PORTAL से जनित Hall Ticket उपलब्ध होने की स्थिति में ही प्रशिक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित कराया जा सकता है किन्तु कतिपय संस्थानों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है अर्थात SCVT PORTAL पर और SIDH PORTAL पर Allowed प्रशिक्षार्थीयों में भिन्नता पायी जाती है। जिस कारण प्रशिक्षार्थी परीक्षा से वचिंत रह जाता है। राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ऐसे प्रशिक्षार्थियों जिनको SIDH PORTAL पर प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु Fees status Paid Mark नहीं किया जाता है के कारण प्रशिक्षार्थी का Examiner Login पर अंक फीडिंग हेतु अनुक्रमांक दृष्टव्य नहीं होते है व अंको की फीडिंग नही हो पाती है तथा परीक्षाफल बाधित होता है।

अतः समस्त प्रधानाचार्य / प्रबन्धक राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को पुनः विस्मृत कराया जाता है कि SCVT PORTAL एवं SIDH PORTAL दोनो ही पोर्टल पर प्रशिक्षार्थी से सम्बन्धित प्रविष्टि ( (Allowed/Fees status Paid Mark) करके ही व SCVT PORTAL जनित Admit Card एवं SIDH PORTAL जनित Hall Ticket के आधार पर ही प्रशिक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त के अभाव में यदि प्रशिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वचिंत रह जाता है अथवा उसका परीक्षाफल बाधित होता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्थान का होगा।

**संलग्नकः परीक्षा कार्यक्रम।**

**भवदीय,**

(अभिषेक सिंह)
I.A.S.
अधिशासी निदेशक

ITI Ke Gyani

**पत्रांकः 1517 /रा०व्या०प्रशि०परि०/ईएक्स-005/एन०सी०वी०टी०परीक्षा,दिसम्बर-2025/तदिनांकित ।**
**प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1-निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2-निदेशक (परीक्षा), प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को उपरोक्तानुसार डीजीटी के पत्र दिनांक 14 नवम्बर, 2025 के क्रम में।

3-उप निदेशक/सहायक निदेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज लखनऊ को निर्देशित किया जाता है कि वह परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य स-समय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

4-वित्त एवं लेखाधिकारी, परिषद को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5- प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ एवं लालडिग्गी पार्क, गोरखपुर।

6-मोहम्मद तलहा, सिस्टम मैनेजर (आउट सोर्सिंग) एवं श्री विनय कुमार, प्रोग्रामर (आउट सोर्सिंग), परिषद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य स-समय पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

7-मेसर्स ओमनी नेट (वेण्डर यूपीईएलसी), टेक्नोलॉजी लिमिटेड, मुरली नगर, लखनऊ को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त अवधि तक SCVT PORTALखोला जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः परीक्षा कार्यक्रम।**

(अभिषेक सिंह)
I.A.S.
अधिशासी निदेशक

ITI Ke Gyani

Digitally signed by
ABHISHEK SINGH
Date: 19-11-2025
11:33:26